(c) No, Sir.

(d) Does not arise.

Transport Policy for the States without Railway head upto the state Capitals

129. SHRI W. ANGOU SINGH: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether there is any transport policy for the States which have no railway head upto their State Capitals specially backward States including North Eastern Region; and

(b) if so, the details of the policy which arc extending benefits to be people?

THE MINISTER OF SURFACE TRANSPORT (SHRI T.G. VENKATRAMAN): (a) and (b) The information is being collected and will be laid on the Table of the Rajya Sabha.

केन्द्रीय सड़क निधि संबंधी प्रतिवेदन

130. **श्री महेश्वर सिंह** : क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा केन्द्रीय सड़क निधि के संबंध में दोनो सदनों द्वारा पारित प्रस्ताव के कार्यान्वयन हेतु गाठित मंत्रिमंडल उप-समिति ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया हैं, और

(ख) यदि हां, तो कब तथा उस पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई हैं?

जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री टी.जी. वेकडरामन) : (क) संभवत: यह प्रश्न "मंत्रियों के दल" (जी ओ एम) के बारे में है, जिसका मंत्रिमंडल के निर्देशानुसार केन्द्रीय सड़क निधि (सी आर एफ) मे बढ़ोतरी संबंधी मामले की जांच करने के लिए गठन किया गया था। 24.3.94 की जो ओ एम की बैठक हुई थी लेकिन कोई रिपोर्ट पेश नहीं की गई। तथापि उसके बाद मंत्रियों के दल को परिसमाप्त कर दिया गया।

(ख) प्रश्न नही उठता।

जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जवाहर सूरंग पर स्थित सड़क का बंद होना

131. **श्री राघवजी** : क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच हैं कि जम्मू-कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जवाहर सुरंग एक ओर बंद हैं, यदि हां तो कब से और इसके क्या कारण हैं:

(ख) यातायात के लिए इस सुरंग को कब तक ठीक कर दिया जाएगा, और

(ग) यातायात के लिए इस सड़क को ठीक करने में होने वाले विलम्ब के क्या-क्या कारण हैं?

जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री टी.जी. वेंकटरामन) : (क) जवाहर सुरंग की पश्चितमी सुरंग सुधार कार्यो के लिए दिनांक 24.4.95 से बंद हैं। फिलहाल यह कार्य प्रगति पर हैं।

(ख) इस सुरंग को नवम्बर, 1999 तक यातायात के लिए खोल दिए जाने की संभावना हैं।

(ग) इस सड़क को यातायात योग्य बनाने में निम्लिखित समस्याएं पैदा आ रही हैं:-

(i) हिमपात और निम्न तापमान के कारण वर्ष में कार्यवाधि कम हैं।

(ii) यह कार्य एक सुनियोजित ढंग से करने की आवश्यकता हैं क्योकि अत्याधिक तकनीकी स्वरूप का होने के कारण यह काफी जटिल है।

एक्सप्रैस राजमार्गो का निर्माण

132. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में 1996 तक निर्माण हेतु स्वीकृत एक्सप्रैस राजमार्गो की संख्या कितनी हैं:

(ख) एक्सप्रैस राजमार्गो के निर्माण के हेतु स्वीकृत प्रावधान क्या-क्या है,

(ग) इन सडको के निर्माण के लिए प्रति-किलोमीटर अनुमानित लागत कितनी-कितनी हैं,

(घ) स्वीकृत राजमार्गो के निर्माण तथा इस संबंध में प्राप्त की गई उपलब्धियो का ब्यौरा क्या हैं, और

(ङ) वर्ष 1997 के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गो के निर्माण के लिए राज्य-वार क्या-क्या लक्ष्य निर्धारित किए